e-Mail
महत्वपूर्ण

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संचिका संख्या : 03/01/के0यो0– MRR (भुगतान)– 12/2022 – 4107

प्रेषक,

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

अपर समाहर्त्ता,
मधुबनी/सिवान/समस्तीपुर/भागलपुर/शेखपुरा/
भोजपुर/पूर्वी चम्पारण/अररिया/किशनगंज/
बेगूसराय/खगड़िया/जहानाबाद/बांका/नवादा ।

पटना, दिनांक :–16/11/22

विषय :– अंचल स्तरीय डाटा केन्द्र–सह–आधुनिक अभिलेखागार (अंचल अभिलेख भवन) के क्रियान्वयन एवं इस हेतु सामग्रियों का क्रय एवं लंबित भुगतान इत्यादि की समीक्षा **मुख्य सचिव, बिहार** द्वारा किए जाने से पूर्व आवश्यक सूचना उपलब्ध कराने हेतु विडियो कॉन्फ्रेंन्सिग के माध्यम से बैठक आयोजित करने के संबंध में।

प्रसंग :– निदेशालय का पत्रांक– 2691 दिनांक 29.09.2022, पत्रांक– 3079 दिनांक 04.11.2022 एवं पत्रांक– 2940 दिनांक 19.10.2022

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रसांगिक पत्र एवं दिनांक 20.10.2022 को विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक का कृपया संदर्भ किया जाय। निदेशालय के विभिन्न पत्रों के माध्यम से जिला में चयनित अंचलों के अंचल स्तरीय डाटा केन्द्र–सह–आधुनिक अभिलेखागार को कार्यकारी बनाने हेतु आवश्यक दिशा–निदेश एवं आवंटन/राशि उपलब्ध कराया गया। साथ ही समय–सीमा के अन्दर उपकरण/उपस्करों इत्यादि का किए गए क्रय, आपूर्तिकर्त्ता एजेंसियों का भुगतान आदि का कार्य निश्चित रूप से अद्यतन करने के साथ ही इन केन्द्रों को कार्यकारी बनाने तथा भौतिक सत्यापन का कार्य भी सुनिश्चित करने का निदेश पूर्व से ही निर्गत है।

इस संदर्भ में दिनांक 21.10.2022 को मुख्य सचिव, बिहार द्वारा किये गए समीक्षा बैठक में आपूर्तिकर्त्ता एजेंसियों का भुगतान आदि का कार्य निश्चित रूप से अद्यतन करने के साथ ही इन केन्द्रों को कार्यकारी बनाने का पुनः निदेश दिया गया है तथा इस संदर्भ में **मुख्य सचिव, बिहार** द्वारा मामले की समीक्षा हेतु **दिनांक 22.11.2022 को पूर्वाह्न 10:00 बजे** तिथि निर्धारित है।

प्रसंगाधीन मामले में भुगतान से संबंधित एवं इन केन्द्रों को कार्यकारी बनाने के संबंध में **दिनांक 18.11.2022 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में विडियो कॉन्फ्रेंन्सिग के माध्यम से राज्य के वैसे जिला जहां भुगतान लंबित है, के अपर समाहर्त्ताओं के साथ बैठक आयोजित** कर अद्यतन प्रतिवेदन के संबंध में समीक्षा निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप द्वारा किया जायेगा।

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि **दिनांक 18.11.2022 को 11:00 बजे पूर्वाह्न में** विडियो कॉन्फ्रेंन्सिग के माध्यम से आयोजित बैठक से पूर्व इसे कार्यकारी बनाने हेतु उपकरण/उपस्करों इत्यादि का किए गए क्रय, आपूर्तिकर्त्ता एजेंसियों का भुगतान आदि का कार्य निश्चित रूप से अद्यतन करने के साथ ही इन केन्द्रों को कार्यकारी बनाने तथा भौतिक सत्यापन का कार्य से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय तथा ससमय बैठक में भाग लेने की कृपा की जाय। बैठक से संबंधित लिंक ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध करा दिया जायेगा।

विश्वासभाजन
16/11/22

(अनिल कुमार सिंह)
सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\Satish-2022\Samrajya Sir\Director\12-2022-16-11-2022.doc

ज्ञापांक : 03 / 01 / के0यो0– MRR (भुगतान)– 12 / 2022–4107 **पटना, दिनांक** : 16/11/22

प्रतिलिपि : सभी समाहर्त्ता, बिहार को सूचनार्थ एवं अपने स्तर से भी अपर समाहर्त्ताओं को निदेशित करने हेतु प्रेषित।

16/11/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / 01 / के0यो0– MRR (भुगतान)– 12 / 2022 4107 **पटना, दिनांक** : 16/11/22

प्रतिलिपि : प्रभारी, आई0 टी0 कोषांग, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं विडियो कॉन्फ्रेंन्सिग के माध्यम से आयोजित बैठक हेतु लिंक उपलब्ध कराने हेतु प्रेषित।

16/11/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / 01 / के0यो0– MRR (भुगतान)– 12 / 2022 4107 **पटना, दिनांक** : 16/11/22

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/11/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / 01 / के0यो0– MRR (भुगतान)– 12 / 2022 4107 **पटना, दिनांक** : 16/11/22

प्रतिलिपि : मुख्य सचिव, बिहार के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

16/11/22

सहायक निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप